महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

## युवा संगम- 3 के लिए हिंदी विश्वविद्यालय के उत्कर्ष सहस्रबुद्धे का चयन

वर्धा 11 जनवरी 2024: भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, संस्कार, ज्ञान-विज्ञान, शिक्षा एवं कला जगत तो एक दूसरे के साथ साझा करने का उपक्रम "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" की ओर से आयोजित "युवा संगम के तृतीय चरण" के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रदर्शनकारी कला विभाग के नाट्यकला शास्त्र के शोधार्थी उत्कर्ष उपेन्द्र सहस्रबुद्धे का चयन महाराष्ट्र से असम राज्य में "सांस्कृतिक-शैक्षणिक प्रवास भेंट" के लिए किया गया है। महाराष्ट्र के सभी प्रांतों, जिलों के महाविद्यालयों एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा से ऑनलाइन फार्म के माध्यम से लगभग 18000 छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने इसके लिए आवेदन किया था जिसमें से अन्तिम चयन 45 आवेदकों का हुआ है। वर्धा एवं हिन्दी विश्वविद्यालय से उत्कर्ष उपेन्द्र सहस्रबुद्धे का चयन हुआ है। 45 चयनित युवाओं की यह टीम 13 जनवरी को पुणे से हावड़ा होते हुए 15 को गुवाहाटी आईआईटी पहुंचेगी जहां 7 दिन विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं असम राज्य को जानने से सबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे। 26 को टीम पुनः गुवाहाटी, हावड़ा होते हुए पुणे पहुंचेगी।



इससे पूर्व उत्कर्ष उपेन्द्र सहस्रबुद्धे ने 23 जनवरी 2023 को भारत सरकार की ओर से सुभाष चन्द्र बोस जी के जन्मदिवस पर भारत की संसद में आयोजित फ्लोरल ट्रिब्यूट कार्यक्रम के अन्तर्गत संसद को अपने भाषण से संबोधित किया था और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का संसद में प्रतिनिधित्व भी किया था। तत्पश्चात् दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ "युवाओं के साथ-चाय पर चर्चा" कार्यक्रम में सहभागिता एवं भोजन के लिए निमंत्रण प्राप्त किया था।

.............................................................................................................................

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष: +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
गांधी हिल्स, वर्धा-442 005 (महाराष्ट्र), भारत
फोन/फैक्स- 07152-252651
मो. 09960562305
ई-मेल: promgahvw@gmail.com